Comedy Audition Script in Hindi | कॉमेडी ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी

पूर्वाभास:

दोस्तों आज की इस ऑडिशन स्क्रिप्ट मे हम आपसे शेयर करने जा रहे है एक बेस्ट हिन्दी कॉमेडी ऑडिशन स्क्रिप्ट **" Comedy Audition Script in Hindi | कॉमेडी ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी "** , यहा पर एक लड़का है ,जिसकी शादी नहीं हुई है| यह मंदिर मे काम करता है |इसका काम देखा जाए तो दर्शन के लिए आए लोगों को लाइन मे खड़ा करना, साथ ही उनकी मदत करना, प्रसाद देना |आज यह काम पर ही आया है पर २-३ लोग इसे ऐसे मिलते है जो की उसकी परेशानी का कारण बनते है|साथ ही आज उसको अपनी स्वपनसुन्दरी का भी दर्शन भी हुवा है |

पात्र:

लड़का /पुरुष (२५-३५ वर्ष)

समय:

१ मिनिट ५० सेकंद

Comedy Audition Script in Hindi For Boy | कॉमेडी ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी फॉर बॉय

चलो चलो अगले एक घंटे मे मंदिर बंद हो जायेगा, किसीको दर्शन लेना है वो लाइन मे आ जाईये ।अरे ओ मौसी सबको दर्शन मिलेगा । क्या बोला VIP दर्शन ? आयी बड़ी VIP दर्शन करने वाली ; अगर ये मंदिर ना होकर दूसरा कुछ और होता तो धक्का मारके बाहर निकाला होता ....समझा ?

ओ चाचा किधर बच्चे कंपनी मे घुस रहे हो ? ……..क्या ? ये बच्चे कंपनी तुम्हारा हि है ? पुरा लाइन ? घर पे लाइट चले जाने के बाद दूसरा कुछ काम हि नहीं होता तुम्हे जो हर एक साल नया कैलेंडर छाप रहे हो। हे भगवान ये नहिंसाफ़ी है, दस साल से जो आपकी सेवा कर रहा है उसे पगार देने मे आपको तकलीफ है और छुपकेसे आकर प्रसाद चुराने वालों को डबल बोनस ! , चलो बाहर आजाओ और बड़ों की लाइन मे खड़े रहो , अगर फिरसे इस लाइन मे दिखे तो तुम्हारी कैलेंडर की फैक्ट्री हि बंद कर दूंगा. ..समझे । **(लाइन मे खड़े हुए एक आदमी से बात कर रहा है ऐसा दिखाना है)**

लीजिए आप प्रसाद लीजिये , देखिये भगवान का प्रसाद है उसे ना नहीं कहते। अरे नहीं मौसी दिन रात यहा मंदिर मे हि रहता हु ,भगवान की सेवा करता हु फिर भी इन्हे मेरी दया नहीं आती ।कोई सुंदर, सुशील, कुवारि लड़की हो तो बताइये । शादी की उम्र हो गयी है अब तक तो मुझे शादी के लड्डू बाटने चाहिए थे पर मै हु जो की प्रसाद बाट रहा हू ।अब आप हि कुछ बताइये।**(प्रसाद लेने के लिए आयी एक महिला उसे शादी के बारे मे पूछती)**

ए तु फिर से यहा , तुझे मना किया था ना की बच्चों के लाइन मे मत आ । ए रघु जा और प्रशाद लेकर आ । सारा प्रसाद तो ये हि ख़तम करेगा।
हे प्रभु क्या आप भी गरीब की इतनी परीक्षा लेते हो, महाभारत मे द्रोपदी जी को बिनामांगे वस्त्र भेजा, अर्जुन को उसका साथी बनकर मदद कियी पर मेरे हिसाथ इतना अन्याय क्यो?
(तभी एक लड़की पूजा की थाली हाथ मे लेकर आती उसे नजर अति है …उसकी और दखते …नजर घूमाते हुए) वा प्रभु वा आप भी ना कभी कभी मजाक करते हो।मैंने मैसेज सेंड किया नहीं तब तक रिप्लाय आ भी गया। अब तक मै सोच रहा था यहा 5 G आगया तो हम बहुत आगे निकल गये पर ऐसा नहीं है क्यों की आप तो 5 G से भी अपग्रेड हो।
अभी जाता हु और उस सुंदरी को आपके दर्शन के लिए लेकर आता हु, आप सिर्फ बढ़ियासा आशीर्वाद देना ।

यह भी पढे:

[Comedy Script in Hindi| कॉमेडी ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी]

[Audition Script in Hindi (2024) |Comedy Audition Script For Male]